
# पुनरावलोकन सत्र
# गृह भेंट पंजी और प्रथम चरण में भेंट




समेकित बाल विकास सेवाएँ

गृहभेंट योजना


| | नाम | कोड |
|---|---|---|
| जिला | | |
| आई.सी.डी.एस परियोजना (ब्लॉक) | | |
| सैक्टर | | |
| ग्राम / वार्ड | | |
| आँगनवाड़ी केन्द्र | | |
| आँगनवाड़ी कार्यकर्ता | | |
| आँगनवाड़ी सहायिका | | |

8

पंजी







# पुनरावलोकन सत्र

आज की बैठक का उद्देश्य

- आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को गृह भ्रमण कैलेंडर पर समझ का अवलोकन कर एक समान व सही समझ बनाना।
- आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा अगले माह की जाने वाली गृह भेंट को सुदृढ़ व नियोजित करना।

## गृह भेंट कैलेंडर का पुनरावलोकन

सभी कार्यकर्ताओं से एक–एक कर के पिछले माह में की गई गृह भेंट के अनुभवों के बारे में पूछें:

दाहिनें भाग में दिए गए प्रश्नों का उपयोग करके गृह भेंट कैलेंडर के निर्माण व प्रयोग पर चर्चा करें। कुछ आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से हर प्रश्न का एक–एक कर के उत्तर के आधार पर चर्चा करें।


- क्या आप सभी ने गृह भेंट कैलेंडर का उपयोग गृह भ्रमण के लिए परिवार का चयन करने में किया है?
- क्या आप में से कोई यह बता सकता है कि आप ने यह कैसे पता किया कि किस महिला या बच्चे के घर पर गृह भ्रमण करना है?
- क्या आप अपना गृह भेंट कैलेंडर देखकर यह बता सकती हैं कि कौन सी महिलायें इस समय अंतिम तिमाही में हैं? कौन से बच्चे 1 सप्ताह के अंदर के हैं? कौन से बच्चें 7 वें माह में हैं?
- क्या आपने 'कैलेंडर माह' वाली लाइन में हर बच्चे व मां के लिए कुछ लिखा है? आपने क्या लिखा है? आपने कब लिखा है?



# गृह भेंट कैलेंडर का पुनरावलोकन बनाना

- गृह भेंट के लिए परिवार का चयन कैसे करती हैं?
- यह कैसे पता किया कि किस महिला या बच्चे के घर गृह भेंट करनी हैं?
- क्या आप अपना गृह भेंट कैलेंडर देखकर यह बता सकती हैं कि कौन सी महिलायें इस समय अंतिम तिमाही में हैं?
- कौन से बच्चे 1 सप्ताह के अंदर के हैं? कौन से बच्चें 7 वें माह में हैं?
- क्या आप ने 'कैलेंडर माह' वाली लाइन में हर बच्चे व मां के लिए कुछ लिखा है? आपने क्या लिखा है? आपने कब लिखा है?





# समीक्षा 1: गर्भवती महिलाओं के लिये गृह भेंट कैलेंडर

**सभी कार्यकर्ताओं को दो समूह में बांट दें और उनके गृह भेंट पंजी को भी आपस में बांट दें। सभी को एक–एक कर दाहिने भाग में लिखे प्रश्न पूछते हुए एक दूसरे की पंजी की जांच करने के लिए कहें?**

**सभी को एक दूसरे के साथ विस्तार से चर्चा करने के लिए कहें?**

**पूछें:**

- पंजी में सब से अंतिम नाम गर्भवती महिला का है कि नहीं? अगर नहीं तो पंजी गलत है?
- क्या गर्भवती महिला के नाम के आगे एल.एम.पी. और ई.डी.डी. लिखी गई है? अगर नहीं तो क्या आप लोग एल.एम.पी. से ई.डी.डी. निकाल सकते हैं?

एल.एम.पी. के बाद 9 माह और 7 दिन का आकलन करके ई.डी.डी. निकालने के बारे में सभी के साथ थोड़ी देर बात करें।

**पूछें:**

क्या गर्भवती महिला का नाम व मूल जानकारी कॉलम 1 व 2 (परिवार संख्या, व्यक्तिगत संख्या, मां का नाम, ई.डी.डी.) में सावधानी से साफ–साफ भरी हुई है?

- क्या कैलेंडर माह के आगे वाले सभी कॉलम में गर्भावस्था के दौरान (4 से 6 माह, 7 से 9 माह, वाले कॉलम) की जाने वाली गृह भेंट के संभावित माह लिखे हुए हैं?
- क्या कैलेंडर माह के आगे वाले सभी कॉलम में गर्भावस्था के दैरान (4 से 6 माह, 7 से 9 माह वाले कॉलम) की जाने वाली गृह भेंट के संभावित माह लिखे हुए हैं?
- क्या आप जानती हैं कि हम यह माह क्यों लिखते हैं?

उदाहरण के लिए कार्ड दिखाते हुए पूछें



# समीक्षा 1: गर्भवती महिलाओं के लिये गृह भेंट कैलेंडर

समेकित बाल विकास सेवाएँ
गृहभेंट योजना

| परिवार एवं व्यक्ति का क्रमांक | माता एवं बच्चे का नाम | गर्भावस्था 4–6 माह तक (कितने भी सम्पर्क पर्याप्त हैं – कम से कम दो बार) | गर्भावस्था 7–9 माह तक (कम से कम 2 गृह भ्रमण) | प्रसव के दिन (प्रसव के समय उपस्थिति या प्रसव के बाद जल्द–से–जल्द गृह भ्रमण) |
|---|---|---|---|---|
| परिवार संख्या – 038 | कैलेन्डर माह | नवंबर – जनवरी | फरवरी – अप्रैल | |
| परिवार में क्रम संख्या – 09 | माता का नामः रमा देवी | | | |
| | प्रसव की संभावित तिथिः 23/04/2015 | | | |
| | प्रसव की तिथि | | | |
| | बच्चे का नाम | | | |
| परिवार संख्या | कैलेन्डर माह | | | |
| परिवार में क्रम संख्या | माता का नाम | | | |
| | प्रसव की संभावित तिथि | | | |
| | प्रसव की तिथि | | | |
| | बच्चे का नाम | | | |





# याद रखें 1: गर्भवती महिलाओं के लिये गृह भेंट कैलेंडर

दाहिने भाग में बिंदुओं का उपयोग कर सभी को समझाएं।

समझाएं कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अगले कुछ दिनों में अपने–अपने गृह भेंट कैलेंडर में शामिल सभी गर्भवती महिलाओं का कैलेंडर बना लें और अगले वी.एच.एस.एन.डी. में ए.एन.एम. और एल.एस. सभी आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का गृह भेंट कैलेंडर देखेंगी और यदि आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कोई समस्या आ रही हो तो इसका समाधान करेंगी।

**समझाएं कि**

किसी भी गर्भवती महिला का पता चलते ही उसका नाम सबसे पहले सर्वे पंजी में उसके परिवार वाले पन्ने पर लिखें फिर उसका नाम एवं परिवार की संख्या लेते हुए गर्भवती रजिस्टर गृह भेंट पंजी और बाकी सेवा रजिस्टर में लिखें।

- किसी भी गर्भवती महिला के पंजीकरण के समय एल.एम.पी. का पता चलते ही कैलेंडर माह लिख लेना चाहिए।
- ई.डी.डी. और एल.एम.पी. पहले गर्भवस्था पंजी में पंजीकरण की तिथि के साथ लिखना चाहिए, तभी ई.डी.डी. गृह भेंट कैलेंडर में लिखना होगा।
- यदि उनके पास गर्भावस्था पंजी न हो तो गृह भ्रमण कैलेंडर में एल.एम.पी. और ई.डी.डी. को ई.डी.डी. वाली पंक्ति में एक साथ लिखना होगा। उदाहरण के लिए ई.डी.डी.: 12.03.2011 / 19.12.2011



# याद रखें 1: गर्भवती महिलाओं के लिये गृह भेंट कैलेंडर


समेकित बाल विकास सेवाएँ

गृहभेंट योजना



- किसी भी गर्भवती महिला का पता चलते ही उसका नाम सबसे पहले सर्वे पंजी में लिखें फिर गर्भवती रजिस्टर, गृह भेंट पंजी और बाकी सेवा रजिस्टर में लिखें।
- किसी भी गर्भवती महिला के पंजीकरण के समय एल.एम.पी. का पता चलते ही कैलेंडर माह लिख लेना चाहिए।
- ई.डी.डी. और एल.एम.पी. पहले गर्भावस्था पंजी में पंजीकरण की तिथि के साथ लिखना चाहिए, तभी ई.डी.डी. गृह भेंट कैलेंडर में लिखना होगा।





# समीक्षा 2: बच्चों के लिये गृह भेंट कैलेंडर

सभी कार्यकर्ताओं को दो समूह में बंटें रहने दें। सभी को एक–एक कर दाहिने भाग में लिखे प्रश्न पूछते हुए एक दूसरे की पंजी की जांच करने के लिए कहें?

सभी को एक दूसरे के साथ विस्तार से चर्चा करने के लिए कहें?

**पूछें:**

पंजी में सब से पहला नाम किसी बच्चे का है कि नहीं? अगर नहीं तो पंजी गलत है।

क्या गर्भवती महिला के नाम के आगे उसकी जन्म तिथि लिखी गई है? अगर हां तो सही है।

क्या सभी बच्चों का नाम आयु के घटते हुए क्रम में लिखा है?

क्या रजिस्टर में लिखे आखरी बच्चे की उम्र सबसे कम है? अगर नहीं तो यह गलत है?

क्या बच्चे का नाम व मूल जानकारी कॉलम 1 व 2 (व्यक्तिगत संख्या, जन्म तिथि) में सावधानी से साफ–साफ भरी हुई है?

क्या कैलेंडर माह के आगे वाले सभी कॉलम में (1–7 दिन, 8–30 दिन, 1–5 माह, 6–8 माह वाले कालम) की जाने वाली गृह भेंट के संभावित तिथि एवं माह लिखे हुए हैं?



# समीक्षा 2: बच्चों के लिये गृह भेंट कैलेंडर

समेकित बाल विकास सेवाएँ

गृहभेंट योजना

| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रसव के दिन (प्रसव के समय उपस्थिति या प्रसव के बाद जल्द से जल्द गृह भ्रमण) | जन्म के बाद पहला सप्ताह 1–7 दिन (कम से कम 2 गृह भ्रमण 2 से ज्यादा गृहभ्रमण यदि शिशु का जन्म वजन से कम हो) | जन्म के 8–30 दिन (कम से कम 3 गृह भ्रमण ज्यादा गृहभ्रमण यदि शिशु का जन्म वजन कम हो) | शिशु 1–5 माह तक (कितने भी सम्पर्क पर्याप्त है हो सके तो दो से तीन बार) | शिशु 6–8 माह तक (हर माह 1 गृह भ्रमण यदि आवश्यक हो तो अधिक बार) | शिशु 9–11 माह तक (1–2 गृह भ्रमण) | शिशु 12–17 माह तक (1–2 गृह भ्रमण) | शिशु 18–24 माह तक (कितनी भ सम्पर्क पर्याप्त है– दो से तीन बार) |
| 12/10/2014 | 13/10/2014 से 18/10/2014 | 19/10/2014 से 11/11/2014 | नवंबर 2014 से मार्च 2015 | अप्रैल 2015 से जून 2015 | जुलाई 2015 से सितंबर 2015 | अक्टूबर 2015 से मार्च 2016 | अप्रैल 2016 अक्टूबर 2016 |
| | | | | | | | |





# याद रखें 3: बच्चों के लिये गृह भेंट कैलेंडर

दाहिने भाग में बिंदुओं का उपयोग कर सभी को समझाएं

समझाएं कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अगले कुछ दिनों में अपने–अपने गृह भेंट कैलेंडर में शामिल सभी बच्चों का कैलेंडर बना लें और अगले वी.एच.एस.एन.डी. में

ए.एन.एम. और एल.एस. सभी आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का गृह भेंट कैलेंडर देखेंगी और यदि आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को कोई समस्या आ रही हो तो इसका समाधान करेंगी।

**समझाएं कि**

- किसी भी बच्चे के जन्म का पता चलते ही उसका नाम सबसे पहले सर्वे पंजी में उसके परिवार वाले पन्ने पर लिखें फिर उसका नाम एवं परिवार की संख्या लेते हुए टीकाकरण पंजी, गृह भेंट पंजी और बाकी सेवा रजिस्टर में लिखें।
- किसी बच्चे के जन्म लेते ही या जब भी जन्म के दिन की जानकारी हो जल्दी से जल्दी कैलेंडर माह वाली जगह पर लिख लेना चाहिए।
- जन्म का दिनांक और जन्म से संबंधित अन्य विवरण पहले सर्वे पंजी में और फिर गर्भावस्था पंजी में लिखना चाहिए, तभी बच्चे का नाम और जन्म का दिनांक गृह भेंट कैलेंडर में लिखना होगा।
- यदि बच्चे का नाम उपलब्ध न हो तो नाम की जगह पर केवल पुत्र या पुत्री लिखें।



समेकित बाल विकास सेवाएँ


गृहभेंट योजना

# याद रखें 3: बच्चों के लिये गृह भेंट कैलेंडर कैसे बनाए

- बच्चे के जन्म के बाद उसका नाम सबसे पहले सर्वे पंजी में फिर टीकाकरण पंजी, गृह भेंट पंजी और बाकी सेवा रजिस्टर में लिखें।
- किसी बच्चे के जन्म लेते ही या जब भी जन्म के दिन की जानकारी हो तो जल्दी से जल्दी कैलेंडर माह वाली जगह पर लिख लेना चाहिए।
- यदि बच्चे का नाम उपलब्ध न हो तो नाम की जगह पर केवल पुत्र या पुत्री लिखें।







# कार्य योजना: इस माह हम क्या काम करेंगे?

सभी कार्यकर्ताओं को अपनी गृह भेंट पंजी खोल कर देखने के लिए कहें।

आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के कार्यों की विस्तृत समीक्षा पूरे माह में ए.एन.एम. और एल.एस. द्वारा वी.एच.एस.एन.डी. के समय की जाएगी और जरुरत के अनुसार उनकी मदद भी की जाएगी।

उनके पूरे कार्यों की समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी।

उन्हें अपनी तरफ से बताई गई विधि के अनुसार सर्वश्रेष्ठ गृह भेंट करना होगा और परिवार के सदस्यों से भी बातचीत करनी होगी।

**कार्य योजना के मुददे:**

अगले माह हर गांव की आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगी कि:

- इस माह में कॉलम 4 (गर्भवती 7–9 माह) और 6 (पहला हफ्ता 1–7 दिन) में आने वाले हर महिला व बच्चे के घर पर भ्रमण करेंगी।
- जब भी कोई महिला बच्चे को जन्म देगी तो आप सुनिश्चित करें कि बच्चे के जन्म के दिन गृह भेंट जरुर हो।
- गृह भेंट कैलेंडर में भ्रमण करने के बाद भ्रमण का दिनांक लिखेंगी और किसी समस्या या फॉलोअप करने की स्थिति में अतिरिक्त जानकारी लिखें।
- गृह भेंट के समय पिछले माह में हुई सीखों के आधार पर परिवार के अन्य लोंगों से भी मां व बच्चे की देखभाल संबंधी बातचीत करेंगी। बातचीत के समय आप कार्ड या अन्य सामग्री का प्रयोग समझाने के लिए करें।
- इस माह में हर नई पंजीकृत महिलाओं की जानकारी अपने रजिस्टर में लिखें। साथ ही महिला से पूछ कर अपने रजिस्टर में एल.एम.पी. जरुर लिखें।



# कार्य योजना: इस माह हम क्या काम करेंगे?

समेकित बाल विकास सेवाएँ
गृहभेंट योजना

- इस माह में कॉलम 4 और 6 में आने वाले हर महिला व बच्चे के घर गृह भेंट करें।
- जब भी कोई महिला बच्चे को जन्म दें, तो सुनिश्चित करें की बच्चे के जन्म के दिन गृह भेंट जरुर हों।
- गृह भेंट कैलेंडर में भ्रमण करने के बाद भ्रमण का दिनांक लिखें और किसी समस्या या फॉलोअप करने की स्थिति में अतिरिक्त जानकारी लिखें।
- इस माह में हर नई पंजीकृत महिलाओं की जानकारी अपने रजिस्टर में लिखें। साथ ही महिला से पूछ कर अपने रजिस्टर में एल.एम.पी. जरुर लिखें।



